भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>भा.वि.प्रा. ने स्मार्ट और संधारणीय विमानन प्रौद्योगिकी सहयोग की सुविधा के लिए स्वीडन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए</u>

नई दिल्ली, 26 अगस्त 2022: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) और स्वीडन की एलएफवी एयर नेविगेशन सर्विसेस (LUFTFARTSVERKET) ने आज नई दिल्ली में भा.वि.प्रा. के निगमित मुख्यालय में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

इस समझौते से दो हवाई नेविगेशन सेवा प्रदाता , भारत और स्वीडन स्मार्ट एविएशन समाधान तलाशने के लिए अगले निर्माण और संचालन में प्रदर्शित क्षमताओं के साथ संधारणीय एविएशन टेक्नोलॉजी के निर्माण के लिए एक साथ आगे आए हैं | यह समझौता ज्ञापन विमानन विशेषज्ञता के द्विपक्षीय आदान-प्रदान और दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी का मार्ग प्रशस्त करेगा | यह भारतीय कंपनियों को स्वीडिश नवाचार और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए विकास में तेजी को सहयोग देगा | समझौता ज्ञापन के तत्वावधान में, कंपनियां आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग कर सकती हैं।

समझौता ज्ञापन पर श्री एम. सुरेश, सदस्य (वायु दिक्चालन सेवाएं), भा.वि.प्रा. और श्री मैग्नस कोरेल, उप महानिदेशक, एलएफवी स्वीडन द्वारा हस्ताक्षर किए गए | इस अवसर पर श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भा.वि.प्रा.; सुश्री मालिन सीडरफेल्ड ओस्टबर्ग, राज्य सचिव, अवसंरचना मंत्रालय, स्वीडन सरकार, एच.ई. क्लासी मोलिन, भारत में स्वीडन के राजदूत और एच.ई. तन्मय लाल, स्वीडन में भारत के राजदूत उपस्थित थे | इस कार्यक्रम में भा.वि.प्रा. के वरिष्ठ अधिकारियों, एलएफवी, स्वीडन दूतावास, नई दिल्ली, और बिजनेस स्वीडन-स्वीडिश व्यापार एवं निवेश परिषद ने भाग लिया ।

अगली पीढ़ी के स्मार्ट हवाई अड्डों से संबंधित तेजी से विकास और संधारणीय परिवहन प्रणालियों के निर्माण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, दोनों पक्षों ने समझौता ज्ञापन के निम्नलिखित तत्वों पर सहमति व्यक्त की:

- विमानन ज्ञान और तकनीकी हस्तांतरण कार्यक्रम का आदान-प्रदान
- दोनो एजेंसियों के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना
- हवाई अड्डों में तकनीकी सहयोग बढ़ाने का लक्ष्य
- संरक्षित, सुरक्षित, संधारणीय और कुशल विमानन क्षेत्र के विकास का समर्थन
- द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने में सकारात्मक योगदान |

इस अवसर पर श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इस पहल के लिए भारत सरकार और स्वीडन सरकार को कुशल, संरक्षित, सुरक्षित और संधारणीय विमानन क्षेत्र मे भारत के प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में एक सहयोगात्मक विकास के प्रयास के लिए बधाई दी| उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भा.वि.प्रा. और एलएफवी स्वीडन के बीच नागर विमानन मे आपसी आदान-प्रदान अगली पीढ़ी के निर्माण और संचालन में स्मार्ट और संधारणीय विमानन प्रौद्योगिकी में एक लंबा सफर तय करेगा |

भारत में स्वीडन के राजदूत क्लास मोलिन ने लंबे समय से चली आ रही भारत और स्वीडन के बीच सहयोग की स्थिति के बारे में बात की | *"हम पहले से ही विस्तृत भारत-स्वीडन सहयोग के लिए तत्पर हैं जिसमें स्थिरता, स्वास्थ्य, नवाचार, ऊर्जा शामिल हैं, और अब हम नागर विमानन तक विस्तारित होंगे | मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे समझौता ज्ञापन और अधिक स्वीडन और भारत के लिए विमानन क्षेत्र में जलवायु-स्मार्ट समाधानों का पता लगाने के अवसरों को बढ़ावा दे सकता है |"*

स्वीडन में भारत के राजदूत तन्मय लाल ने अपना संबोधन देते हुए उल्लेख किया कि *"भारत स्वीडन की साझेदारी बढ़ रही है। इस समझौता ज्ञापन में शामिल एक और नया आधार विमानन क्षेत्र में सुधार के लिए सुरक्षा, स्थिरता और दक्षता, प्रौद्योगिकी सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा| यह भारत में तेजी से बढ़ रहे क्षेत्रीय हवाई संपर्क के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण विकास है।"*

सहयोग क्षेत्र और गतिविधि की योजना

भा.वि.प्रा. और एलएफवी, दोनों भारत और स्वीडन की सरकारी एजेंसियां क्रमशः,
निम्नलिखित सहयोग क्षेत्रों में संयुक्त रूप से सहयोग करेंगी:

1. हवाई यातायात प्रबंधन
2. हवाई यातायात नियंत्रण
3. रिमोट हवाई अड्डा प्रबंधन और यातायात नियंत्रण
4. हवाई क्षेत्र डिजाइन और योजना
5. हवाई अड्डे का डिजाइन और बुनियादी ढांचा
6. डिजिटलाइज्ड एयरपोर्ट और एविएशन
7. क्षमता और प्रशिक्षण
8. सतत हवाई अड्डे और विमानन
9. पायलटों के लिए प्रक्रियाएं
10. स्केल-अप के लिए प्रक्रियाएं

दोनों देशों के बीच हित क्षेत्रों और अभियान सहयोग को प्राथमिकता देने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह का गठन किया जाएगा । यह समझौता ज्ञापन भारत और स्वीडन के बीच अन्य मौजूदा व्यस्तताओं के अलावा विमानन क्षेत्र में जैसे कि स्थिरता, स्वास्थ्य देखभाल, नवाचार, ऊर्जा, और बुनियादी ढांचा आदि मे सरकार से - सरकार के संबंधों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा ।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: मा.प्र. (नि.सं.) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 17/2022-23

फोटो

श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भा.वि.प्रा. के साथ श्री एम. सुरेश, सदस्य (वायु दिक्चालन सेवाएं), भा.वि.प्रा., श्री मैग्नस कोरेल, उप महानिदेशक, एलएफवी स्वीडन और सुश्री मालिन सीडरफेल्ड ओस्टबर्ग, राज्य सचिव, इन्फ्रास्ट्रक्चर मंत्रालय, स्वीडन सरकार भा.वि.प्रा. एवं स्वीडेन दोनो देशों के बीच स्मार्ट और संधारणीय विमानन प्रौद्योगिकी सहयोग की सुविधा के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान ।